बिहार सरकार

**GOVERNMENT OF BIHAR**

विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

**Science, Technology & Technical Education Department**

राजकीय पोलिटेकनिक सिवान

**GOVERNMENT POLYTECHNIC SIWAN**

बिहार सरकार

**Ref.** प्रा० कार्या०/......496......  **Date:**....24/08/2026....

## NOTICE

**विषय: विद्यार्थियों की शिकायतों/समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु "विद्यार्थी सहयोग शिविर" आयोजित करने के संबंध में।**

राजकीय पॉलिटेक्निक, सीवान के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक-वि० प्रा० एवं त० शि० (IX) स०पो०-127/2026/4743, दिनांक-24.08.2026 तथा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक-14811, दिनांक-16.08.2026 के आलोक में इस संस्थान में "विद्यार्थी सहयोग शिविर" का आयोजन निम्नांकित विवरण के अनुसार किया जायेगा:

| | |
|---|---|
| **दिनांक** | 25.08.2026 (मंगलवार) |
| **समय** | 11:00 पूर्वाह्न से 12:00 मध्याह्न तक |
| **स्थान** | कंप्यूटर लैब, राजकीय पॉलिटेक्निक, सीवान |
| **नोडल पदाधिकारी** | श्री प्रणव कुमार निराला, सुश्री मनीषा कुमारी |

संस्थान के वास्तविक (Bonafide) विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक समस्याओं/शिकायतों तथा शैक्षणिक सुधार संबंधी सुझाव "**विद्यार्थी सहयोग पोर्टल**" के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं और उपरोक्त तिथि को आयोजित इस शिविर का लाभ व्यक्तिगत रूप से भी उठा सकते हैं।

यह सूचना सभी विद्यार्थियों की जानकारी हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जारी की जाती है तथा संस्थान एवं छात्रावास के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित की जाए।

24/8/2026

**प्राचार्य**
राजकीय पॉलिटेक्निक, सीवान

**प्रतिलिपि:**

1. सूचना पट्ट, राजकीय पॉलिटेक्निक, सीवान
2. सभी छात्रावास अधीक्षक, सूचनार्थ एवं प्रदर्शनार्थ
3. श्री प्रणव कुमार निराला, सुश्री मनीषा कुमारी, नोडल पदाधिकारी, आवश्यक कार्रवाई हेतु
4. संस्थान वेबसाइट

24/8/2026

**प्राचार्य**
राजकीय पॉलिटेक्निक, सीवान

o/c

बिहार सरकार

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

पत्रांक–वि० प्रा० एवं त० शि० (IX) स०पो०–127/2026/4743/पटना, दिनांक–24.8.26

प्रेषक,

हिमांशु शर्मा (भा०प्र०से०),
सचिव।

सेवा में,

कुलपति/कुलसचिव,
बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना/
सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, पटना।/
प्राचार्य,
सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय /
राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान।

**विषय– विद्यार्थियों की शिकायतों/समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु ''विद्यार्थी सहयोग शिविर'' आयोजित करने के संबंध में।**

**प्रसंग– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–14811 दिनांक–16.08.2026**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र (प्रति संलग्न) के आलोक में कहना है कि सात निश्चय–3 के अधीन ''सबका सम्मान, जीवन आसान'' के लक्ष्य को दृष्टिपथ रखते हुए विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को **''विद्यार्थी सहयोग शिविर''** का आयोजन 25 अगस्त, 2026 से किया जाना है। यदि चतुर्थ मंगलवार को अवकाश घोषित है अथवा होता है तो यह शिविर अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा। इस हेतु दिनांक–17.08.2026 को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। विद्यार्थियों द्वारा सभी शिकायतें एवं सुझाव इसी पोर्टल के माध्यम से समर्पित की जायेंगी।

विदित हो कि इस शिविर का आयोजन बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, पटना विभागान्तर्गत संचालित सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पोलिटेकनिक संस्थानों में किया जाना आवश्यक है।

तदालोक में निम्नांकित बिन्दुओं पर कार्रवाई अपेक्षित है–

1. संबंधित महाविद्यालयों/संस्थानों/छात्रावासों के वास्तविक (Bonafide) छात्र ही विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर निबंधन कर सकेंगे।
2. विद्यार्थी इस पोर्टल पर शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, जो शैक्षणिक समस्याओं से संबंधित हों। इस पोर्टल पर एवं सहयोग शिविर में शैक्षणिक सुधारों के संबंध में सुझाव भी दिया जा सकेगा।
3. शैक्षणिक समस्याओं के अधीन वैसी समस्याएं जैसे–समय पर कक्षाओं का संचालन नहीं होना, प्राध्यापकों/शिक्षकों का समय पर कक्षा में नहीं पहुंचना या अनुपस्थित रहना, समय पर परीक्षा का संचालन नहीं होना, परीक्षाफल का समय पर प्रकाशन नहीं होना, अनाधिकृत फीस/शुल्क की वसूली, कक्षाओं में बिजली, बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशालाओं की व्यवस्था आदि की समस्याएं, कॉलेज में पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ–सफाई की व्यवस्था एवं अन्य प्रकार की विधि व्यवस्था से संबंधित शिकायतें भी दर्ज की जा सकती है।

Sh. Pranav Kr Nirala
I n c pe.
24/08/2026

4. विद्यार्थी सहयोग पोर्टल/विद्यार्थी सहयोग शिविर में शैक्षणिक सुधारों के संबंध में प्राप्त सुझावों के विभाग द्वारा समेकित किया जायेगा और वैसे सुझाव जो उपलब्ध योजनाओं के अधीन लागू किये जा सकते है. उन्हें विभागीय स्तर से निर्धारित अवधि में लागू किया जायेगा और शेष सुझावों पर उच्चस्तरीय विचारोपरान्त निर्णय लिया जायेगा।

5. ''विद्यार्थी सहयोग शिविर'' का आयोजन विभागान्तर्गत संचालित संस्थानों द्वारा किया जायेगा और इस हेतु शिविर के दिन एक कियोस्क (Kiosk) लगाया जायेगा, जहां कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट की व्यवस्था होगी और इसके लिए विभाग के द्वारा एक स्थानीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इस प्रकार का आयोजन संस्थान/छात्रावास में किसी बड़े हॉल में भी किया जा सकता है। इस हेतु बैनर पोस्टर उक्त स्थल पर लगाया जायेगा ताकि सभी को आयोजन की जानकारी मिल सके।

**उक्त कार्य हेतु विभाग की ओर से स्थानीय पदाधिकारी के रूप में संबंधित जिलों के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य को नामित किया जाता है।**

6. विद्यार्थी सहयोग शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों का अतिम निस्तार, सहयोग शिविर के प्रावधानों के अनुसार अंतिम रूप से 30 दिनों में किया जायेगा और ''विद्यार्थी सहयोग शिविर'' में भी प्राप्त शिकायतों का निराकरण, सहयोग शिविर हेतु निर्गत संदर्भित पत्रों में अंकित प्रक्रिया एवं मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार किया जायेगा। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर इस हेतु L–1 श्री मंजीत कुमार, संयुक्त निदेशक (प्रशासन), L–2 श्री मनोरंजन कुमार, निदेशक, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं L–3 विभागीय सचिव को प्राधिकृत किया गया है।

7. विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर निस्तारित शिकायतों से क्षुब्ध/असंतुष्ट होने पर संबंधित शिकायत की सुनवाई माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के स्तर पर प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को निर्धारित राज्य स्तरीय सहयोग शिविर कार्यक्रम में की जा सकेगी।

अतः अनुरोध है कि तत्संबंधी प्रावधानों के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जाय। विभागीय स्तर पर **श्री कुमार सिद्धार्थ, संयुक्त सचिव को नोडल पदाधिकारी** नामित किया जाता है।

**अनु०–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

23/8/26

**(हिमांशु शर्मा)**
**सचिव**

**ज्ञापांक– वि० प्रा० एवं त० शि० (IX) स०पो०–127/2026/**4743/ **पटना, दिनांक–**24.8.26

**प्रतिलिपि**–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/श्री कुमार सिद्धार्थ, संयुक्त सचिव–सह– विभागीय नोडल पदाधिकारी/सभी पदाधिकारी एवं कर्मी/आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ हेतु पत्र प्रेषित।

2. विभागीय नोडल पदाधिकारी एवं आई० टी० मैनेजर, दिनांक–20.08.2026 को NIC के द्वारा सूचना भवन में निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

23/8/26

**सचिव**

(23)

पत्रांक–18 / लो0सं0–15–10 / 2023 सा0प्र0.....14811.....

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

मो0 सोहैल, भा0प्र0से0
सरकार के सचिव,

सेवा में,

सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार।
सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।
**सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बिहार।**

पटना–15, दिनांक 16.8.2026

विषय :– विद्यार्थियों की शिकायतों / समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु ''विद्यार्थी सहयोग शिविर'' आयोजित करने के संबंध में।

प्रसंग :– सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–7622 दिनांक–30.04.2026, पत्रांक–8134 दिनांक–08.05.2026, पत्रांक–8719 दिनांक–16.05.2026, पत्रांक–9230 दिनांक–25.05.2026

महाशय,

आम नागरिकों की समस्याओं / शिकायतों को प्रभावी रूप से निदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा पंचायतों एवं नगर निकायों में सहयोग शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

2. राज्य के मेहनती एवं प्रतिभाशाली छात्र समृद्ध बिहार एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विद्यार्थियों के शैक्षणिक समस्याओं का समाधान लगातार विभिन्न माध्यमों से किया जाता रहा है और इस क्षेत्र में उत्साहवर्धक कार्य किये गये हैं। अब एक और महत्वपर्णू पहल के रूप में विद्यार्थियों के शैक्षणिक समस्याओं को निर्धारित अवधि में निदान किये जाने का लक्ष्य है। साथ ही विद्यार्थियों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझावों को भी प्राप्त किया जाना है। क्योंकि विद्यार्थी ही शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम लाभार्थी हैं। उनका सुझाव इस हेतु अति–महत्वपूर्ण है।

3. सात निश्चय–3 के अधीन ''सबका सम्मान, जीवन आसान'' के लक्ष्य को दृष्टिपथ रखते हुए विद्यार्थियों के लिए भी प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को ''**विद्यार्थी सहयोग शिविर**'' की आयोजन 25 अगस्त, 2026 से किया जाना है। यदि चतुर्थ मंगलवार को अवकाश घोषित है अथवा होता है तो यह शिविर अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा।

4. इस शिविर का आयोजन सभी सरकारी शैक्षणिक संस्थानों यथा–विश्वविद्यालयों, अंगीभूत महाविद्यालयों, अभियंत्रण महाविद्यालयों, चिकित्सा महाविद्यालयों, पॉलीटेक्निक, आई0टी0आई0, पारा मेडिकल महाविद्यालय, नर्सिंग स्कूल, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के छात्रावासों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छात्रावासों, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावासों, कस्तूरबा गांधी

Sh. Pranav Kumar Nirala

f.n.c. pl.

24/08/2026

(२)

छात्रावासों एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेत्रहीन/मुकबधिर विद्यालय में किया जायेगा।

5 उपरोक्त हेतु दिनाक–17.08.2026 को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है और विद्यार्थियों द्वारा सभी शिकायतें एव सुझाव इसी पोर्टल के माध्यम से समर्पित किया जायेगा।

6. सबधित सस्थानो/छात्रावासों के वास्तविक (Bona fide) छात्र ही विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर निबंधन कर सकेंगे।

7. विद्यार्थी इस पोर्टल पर शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, जिसमे शैक्षणिक समस्याएं होंगी। इस पोर्टल पर एव सहयोग शिविर में शैक्षणिक सुधारों के संबध में सुझाव भी दिया जा सकेगा।

8. शौक्षणिक समस्याओं के अधीन वैसी समस्याएं जैसे–समय पर कक्षाओं का सचालन नहीं होना, प्राध्यापकों/शिक्षकों का समय पर कक्षा में नहीं पहुचना या अनुपस्थित रहना, समय पर परीक्षा का संचालन नहीं होना, परीक्षाफल का समय पर प्रकाशन नहीं होना, अनाधिकृत फीस/शुल्क की वसूली, कक्षाओं मे बिजली, बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशालाओं की व्यवस्था आदि की समस्याएं, कॉलेज/स्कूल में पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ–सफाई की व्यवस्था, कोचिग में समस्या एवं अन्य प्रकार की विधि व्यवस्था से संबंधित शिकायतें भी हो सकती हैं।

9 विद्यार्थी सहयोग पोर्टल/विद्यार्थी सहयोग शिविर में शैक्षणिक सुधारों के सबध में प्राप्त सुझावों को प्रशासी विभाग द्वारा समेकित किया जायेगा और वैसे सुझाव जो उपलब्ध योजनाओं के अधीन लागू किये जा सकते है उन्हें विभागीय स्तर से निर्धारित अवधि में लागू किया जायेगा और शेष सुझावों पर उच्चस्तरीय शिक्षा सुधार समिति द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया जायेगा।

10. "विद्यार्थी सहयोग शिविर" का आयोजन संबंधित प्रशासी विभाग द्वारा किया जायेगा और इस हेतु संस्थान के शिविर के दिन एक कियोस्क (Kiosk) लगाया जायगे। जहां कंप्यूटर, प्रिंटर, इटरनेट की व्यवस्था हो और इसके लिए सबधित विभाग के द्वारा एक स्थानीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इस प्रकार का आयोजन संस्थान/छात्रावास में किसी बडे हॉल में भी किया जा सकता है और इस हेतु बैनर/पोस्टर उक्त स्थल पर लगाया जायेगा ताकि सभी को आयोजन की जानकारी मिल सके।

11. विद्यार्थी सहयोग पोर्टल से संबंधित सभी जिला – स्तरीय एवं प्रखंड – स्तरीय पदाधिकारी का प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिनाक–21.08.2026 को जिला पदाधिकारी द्वारा आयोजित किया जायेगा। इस हेतु दिनांक–20.08.2026 को सभी जिले के संबंधित जिला–स्तरीय पदाधिकारी एवं आई०टी० प्रबंधक को एन०आई०सी० के द्वारा वी०सी० के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। सबंधित जिला–स्तरीय पदाधिकारी एवं आई०टी० प्रबधक अपने जिला हेतु मास्टर ट्रनेर का कार्य करेंगे।

12. प्रशासी विभाग द्वारा भी विभाग स्तर पर इस हेतु एक नोडल पदाधिकारी नामित किया जायेगा। और इस नोडल पदाधिकारी एव विभाग के आई0टी0 प्रबंधक का प्रशिक्षण उक्त निर्धारित तिथि अर्थात् दिनांक–20.08.2026 को एन0आई0सी0 के द्वारा सूचना भवन, पटना में भौतिक रूप से दिया जायेगा।

13. विद्यार्थी सहयोग शिविर में जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक द्वारा एक प्रशासनिक पदाधिकारी एवं एक पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी औरआवश्यकतानुसार संवेदनशील शिविरों पर पुलिस बल भी तैनात किया जायेगा।

14. प्रशासी विभाग के जिला–स्तरीय पदाधिकारी या जिला पदाधिकारी द्वारा नामित जिला–स्तरीय पदाधिकारी संपूर्ण जिले में आयोजित होने वाले विद्यार्थी सहयोग शिविर का निरीक्षण एवं प्रबोधन सुनिश्चित करेंगे और शिविर के आयोजन के दिन सध्या में एक समेकित प्रतिवेदन प्रशासी विभाग को समर्पित करेंगे।

15. शिविर के दिन जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शिविरों का भ्रमण किया जायेगा।

16. विद्यार्थी सहयोग शिविर में भी प्राप्त सभी शिकायतो का अतिम निस्तार सहयोग शिविर के प्रावधानों के अनुसार अंतिम रूप से 30 दिनों में किया जायेगा और "विद्यार्थी सहयोग शिविर" में भी प्राप्त शिकायतों का निराकरण सहयोग शिविर हेतु निर्गत संदर्भित पत्रों में अंकित प्रक्रिया एवं मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार किया जायेगा। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर इस हेतु L–1, L–2 एवं L–3 प्राधिकार को प्राधिकृत किया गया है।

17. सहयोग शिविर के आयोजन हेतु समय–समय पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत अन्य प्रावधान यथावत् रहेंगे।

18. विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर भी निस्तारित किये गये शिकायतो से क्षुब्ध/असंतुष्ट हाने पर संबंधित शिकायत की सुनवाई माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के स्तर पर प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को निर्धारित राज्य–स्तरीय सहयोग शिविर कार्यक्रम में की जा सकेगी।

विश्वासभाजन,

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–18/लो0सं0–15–10/2023 सा0प्र0–14811/दिनांक–16.8.2026

प्रतिलिपिः–सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव/पुलिस महानिदशेक/सभी पुलिस महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–18/लो0सं0–15–10/2023 सा0प्र0–14811/दिनांक–16.8.2026

प्रतिलिपिः–मा0 मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/सचिव/मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।